Regarding need for increasing the frequency of train (Uttaakhand-Mumbai) in view of increasing number of tourist

श्री अजय भट्ट (नैनीताल-ऊधमसिंह नगर): सभापति महोदय, मैं आपको धन्यवाद देता हूं कि आपने मुझे बहुत ही महत्वपूर्ण विषय पर बोलने का मौका दिया है। मेरे लोक सभा क्षेत्र के नैनीताल जिले, काठगोदाम और रामनगर से मात्र एक दिन हफ्ते में ट्रेन बांद्रा, मुंबई के लिए चलती है। यह बहुत ही नाकाफी है, क्योंकि उत्तराखंड बहुत बड़ा प्रदेश है। मुंबई से लगातार टूरिस्ट्स आते हैं और यहां के लोग लगातार वहां जाते हैं। रानीखेत, कौसानी, गिरिजादेवी का मंदिर, नैना देवी का मंदिर समेत पिंडारी ग्लेशियर तक लोग जाते हैं। एक दिन ट्रेन चलने से लोगों को बहुत ही परेशानी का सामना करना पड़ता है। मेरा आपके माध्यम से माननीय रेल मंत्री जी से अनुरोध है कि अगर हफ्ते भर ट्रेन न भी चलाएं तो कम से कम हफ्ते में 3 दिन इस ट्रेन को चलाया जाए।